# गोपनीयता नीति

प्रिय ग्राहक

Maschio Gaspardo S.p.A. (मास्चियो गैस्पार्डो एस.पी.ए.) मास्चियो गैस्पार्डो समूह (MG भी) की मूल कंपनी हैजो अपने उत्पादों को समूह कंपनियों, अधिकृत आयातकों और दुनिया भर में डीलरों के माध्यम से अपने उत्पादों को बेचता है और इसके माध्यम से यह उत्पादों पर तकनीकी सहायता अपने ग्राहकों को प्रदान करता है। अनुच्छेद के अनुसार यह जानकारी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में ईयू (यूरोपिय संघ) विनियमन 2016/679 के 13 और 14 के अनुसार आपको यह जानने की अनुमति मिलेगी कि जब आप Maschio Gaspardo (मास्चियो गैस्पार्डो) उत्पादों या सेवाओं को खरीदते हैं तो आपके व्यक्तिगत जानकारी को कैसे संसाधित किया जाता है।

## 1. इन प्रोसेसिंग का कंट्रोलर कौन है?

डेटा कंट्रोलर Maschio Gaspardo S.p.A. (मास्चियो गैस्पार्डो एस.पी.ए.,) है जिसका मुख्यालय वाया मार्सेलो एन में स्थित है। 73 - 35011 Campodarsego (PD) [कैम्पोडार्सेगो (PD-इटली)] (टैक्स कोड और वैट संख्या 03272800289) आप टेलीफोन (+39)0499.289810 पर या ईमेल पर info@maschiogaspardo.com डेटा कंट्रोलर से संपर्क कर सकते हैं।

हमने एक व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा अधिकारी (आरपीडी या डीपीओ) नामित किया है। यदि आप चाहें, तो अपने व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रयोग के संबंध में किसी भी अनुरोध के लिए, आप उनसे ईमेल privacy@maschiogaspardo.com पर संपर्क कर सकते हैं।

## 2. हम कौन सा व्यक्तिगत जानकारी संग्रहीत और संसाधित करते हैं?

- नागरिक स्थिति, संपर्क जानकारी (टेलीफोन, ईमेल);
- कर, प्रशासनिक, लेखा और वाणिज्यिक जानकारी;
- आपकी खरीद और ऑर्डर्स से संबंधित आर्थिक जानकारी;
- आपका खाता पंजीकृत करने के लिए आवश्यक जानकारी (नाम, उपनाम, पासवर्ड, ईमेल सहित);
- खरीदी गई मशीनरी के उपयोग से संबंधित जानकारी, उसकी निगरानी और जहां MGCloud (एमजी क्लाउड) सेवा या MG (एमजी) उत्पादों की अन्य निगरानी सेवाएं ऐक्टीव की गई हैं, भौगोलिक स्थिति से संबंधित जानकारी को भी एकत्र किया जा सकता है।

| 3. हम व्यक्तिगत जानकारी को किन उद्देश्यों के लिए संसाधित करते हैं? | कानूनी आधार | हम उसे (जानकारी को) कब तक रखते हैं |
|---|---|---|
| क) किसी भी अनुमान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करना, आपके द्वारा अनुरोध किया गया ऑर्डर और प्रस्ताव तैयार करें, अनुबंध का कार्यान्वयन करें और आपके द्वारा अनुरोध की गई सेवा, गुणवत्ता नियंत्रण का ख्याल रखें; वाणिज्यिक और क्रेडिट संबंधों का प्रबंधन करें, निकटतम अधिकृत डीलर के बारे में इंगित करें; | अनुबंध का कार्यान्वयन | अनुबंध और कानूनी दायित्वों का कार्यान्वयन |
| ख) मौजूदा अनुबंध को निष्पादित करने के लिए आवश्यक लॉजिस्टिक और शिपमेंट को सुव्यवस्थित करें; | अनुबंध का कार्यान्वयन | अनुबंध और कानूनी दायित्वों का कार्यान्वयन |
| ग) 'उत्पाद पंजीकरण' करें और खरीदे गए उत्पादों से संबंधित व्यक्तिगत तकनीकी सहायता प्रदान करें जिसके लिए इसे बनाया गया है; | अनुबंध का कार्यान्वयन | अनुबंध और कानूनी दायित्वों का कार्यान्वयन |
| घ) लेखांकन और प्रशासनिक प्रबंधन और लोक प्रशासन या अन्य सार्वजनिक निकायों के लिए किसी भी संचार सहित कानूनी दायित्वों को पूरा करना; | कानूनी दायित्व<br>अनुबंध का कार्यान्वयन | अनुबंध और कानूनी दायित्वों का कार्यान्वयन |
| ई) आपकी स्पष्ट सहमति से विपणन उत्पादों तथा सेवाओं से संबंधित विज्ञापन सामग्री तथा वाणिज्यिक संचार, प्रशिक्षण/प्रचार कार्यक्रमों का निमंत्रण, बाजार अनुसंधान तथा ग्राहक संतुष्टि की मात्रा का मूल्यांकन आदि भेजें। जानकारी को ऑटोमेटिक | सहमति (हमेशा privacy@maschiogaspardo.com) को लिखकर पुन: संशोधित करें | सहमति रद्द होने तक (हमारे newsletter में 'unsubscribe' का लिंक दिया है) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पद्धति (ईमेल) और पारंपरिक पद्धति (पेपर से मेल और ऑपरेटर को कॉल करना) दोनों के साथ संसाधित किया जा सकता है; | | |
| | च) आपको हमारी कंपनी पोर्टल पर (क्यूआर कोड के माध्यम से भी) पंजीकरण करने और हमारी सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति देता है; | अनुबंध का कार्यान्वयन | प्रोफ़ाइल और कानूनी दायित्वों को हटाना |
| | छ) अदालत में या उस मामले से संबंधित अधिकार का पता लगाने, प्रयोग करने या उनका बचाव करने के लिए आवश्यक उद्देश्य जिसमें न्यायिक अधिकारी अपने अधिकार का प्रयोग करते हैं। | कंट्रोलर का वैध हित | मामलों और कानूनी दायित्वों की अवधि |

## 4. आपके अधिकार क्या हैं?

आपको आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा उपयोग और प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए, आपके विषय में व्यक्तिगत जानकारी के प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है।

आपको अपने जानकारी के अद्यतन, एकीकरण या सुधार प्राप्त करने का अधिकार है।

आप अनुबंध के क्रियान्वयन के कारण या आपकी सहमति के आधार पर आप संसाधित जानकारी का पोर्टेबिलिटी के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

यदि आप रुचि रखते हैं, तो आपको अपने डेटा को हटाने का अनुरोध करने का अधिकार है।

आपको प्रोसेसिंग की सीमा का अनुरोध करने या पूरे या आंशिक रूप से, आपके विषय में व्यक्तिगत डेटा के प्रोसेसिंग लिए आपत्ति जताने का अधिकार है।

यदि आपको लगता है कि हमारे द्वारा किए गए एक या एक से अधिक प्रोसेसिंग कार्य कानून का उल्लंघन करता हो, या यह मानते हैं कि आपके अधिकारों की रक्षा नहीं की गई है, तो आप उस स्थान के पर्यवेक्षी प्राधिकरण को शिकायत भेज सकते हैं जहां आप सामान्यत: रहते हैं, काम करते हैं या जहां कथित हुए उल्लंघन को सत्यापित किया गया है।

## 5. आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कौन कर सकता है?

जानकारी को प्रभारी कर्मियों द्वारा संसाधित किया जाएगा, जो उचित रूप से प्रशिक्षित है और डेटा कंट्रोलर के अधिकार और दायित्व के अधीन कार्य किया जाएगा। कुछ जानकारी निम्नलिखित विषयों पर प्रकट की जा सकती है:

- डीलर और/या आयातक जिन्हें एमजी उत्पादों के वितरण और प्रचार के लिए करार किया हैं साथ ही अनुबंध द्वारा दी गई तकनीकी सहायता करने या उनकी देखभाल करने का कार्य भी किया गया है;
- सार्वजनिक निकाय (कर कार्यालय और अन्य संस्थाएं);
- विधि या परामर्श फर्म जिन्हें डेटा कंट्रोलर ने विशिष्ट अधिदेश दिया है;
- डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम की सहायता करना और मेंटेनेंस कंपनियां या डेटा प्रोसेसिंग अर्किविंग सिस्टम सप्लायर्स;
- अन्य विषय या कंपनियाँ जो ऐसी गतिविधियाँ करती हैं जो उपरोक्त उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

जानकारी का खुलासा ग्रुप कंपनियों के लिए भी किया जा सकता है। ये संचार, कॉर्पोरेट समूह के वैध हित के लिए जानकारी और सूचना/जानकारी साझा करने के लिए, प्रोसेसिंग में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और प्रक्रियाओं को एकीकृत करने के लिए किए गए हैं, जिसे यूरोपीय संघ के बाहर यह किया जाता है, तब व्यक्तिगत जानकारी के संरक्षण पर कानून द्वारा प्रदान की गई सभी गारंटियों का पूर्ण अनुपालन किया जाता है और विशिष्ट करारों (मानक अनुबंधात्मक धारा, बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियमों, आदि) पर हस्ताक्षर करके इच्छु पक्षकार के लिए पर्याप्त् सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। उपरोक्त पतें पर लिखकर इन विषयों की विस्तृत सूची आपके अनुरोध पर प्रदान की जाएगी।